थोड़ी कृपा करदे सांवरे

थोड़ी कृपा करदे सांवरे हम गुण गायेंगे तेरे,
गाँव-गाँव और शहर-शहर में होंगे चर्चे तेरे,
थोड़ी कृपा करदे सांवरे....

प्रेमियों से होगा प्रभु मिलन हमारा,
मिलके करेंगे श्याम भजन तुम्हारा,
हो नई राह और नए ठिकाने,
होंगे नित नए डेरे,
थोड़ी कृपा करदे सांवरे....

लेके तेरा नाम आगे बढ़ेंगे दीवाने,
गूंजे गे फिजाओ में तेरे ही तराने,
सुमरण पूजन और अर्चन के,
लगते रंग सुनहरे,
थोड़ी कृपा करदे सांवरे....

हम तो कमजोर, जोर तेरा ही चलेगा,
हम तो यही जाने डंका तेरा ही बजेगा,
हो तेरे भरोसे तेरे जोर पर पुरे होंगे फेरे,
थोड़ी कृपा करदे सांवरे....

दानी दयावान दिन बंधू गोर कीजिए,
"नंदू" सारे प्रेमियों को शरण में लीजिए,
लाभ हानि और जीत हार सब श्याम तुम्हारे चेरे,
थोड़ी कृपा करदे सांवरे....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/27267/title/thodi-kirpa-karde-sanwre

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |